कमरे में नीलाक्षी ने क़दम रखे, उसके साथ एक दूसरी छुटकी भी थी, सफ़ेद लबादा पहने। उसके सर पर सफ़ेद कपड़े की टोपी थी, हाथ में भूरे रंग का एक छोटा सा बैग था। उसके लाल-लाल और फूले हुए गाल थे। उसकी भूरी आंखें मोटे चश्मे के पीछे से कड़ाई के साथ देख रही थीं। नजानू समझ गया कि यही मधुमालती है, जिसके बारे में नीलाक्षी ने बताया था।

मधुमालती ने नजानू के बिस्तर की तरफ़ स्टूल खिसकाया, उस पर अपना बैग रखा और सिर हिलाकर बोली:

"अरे, ये छुटके! हमेशा कोई न कोई शैतानी करते रहते हैं! अब ज़रा बताइये तो कि इस गुब्बारे पर उड़ने की आपको क्या ज़रूरत पड़ी थी? चुप रहिये, चुप रहिये! मुझे मालूम है कि आप क्या कहेंगे: अब फिर ऐसा नहीं करूंगा। सभी छुटके यही कहते हैं और बाद में फिर से नटखटपन करने लगते हैं।"

मधुमालती ने बैग खोला और कमरे में आयडिन या किसी और दवा की



गंध फैल गयी। नजानू डर के मारे अकड़ बैठ गया। मधुमालती उसकी तरफ़ मुड़कर बोली:

"उठिये, मरीज़ जी।"

नजानू बिस्तर से उठने लगा।



"खड़े होने की ज़रूरत नहीं, मरीज़ जी!" मधुमालती ने कड़ाई के साथ कहा। "मैंने तो सिर्फ़ बैठने के लिये कहा था।"

नजानू ने कन्धे उचकाये और बिस्तर पर बैठ गया।

"कन्धे उचकाने की ज़रूरत नहीं, मरीज़ जी," मधुमालती ने टिप्पणी की। "जीभ दिखाओ तो।"

"किसलिये?"

"दिखाओ, दिखाओ। यह ज़रूरी है।"

नजानू ने जीभ बाहर निकाली।

"'आ' कहिये।"

"आ-आ-आ," नजानू ने ज़बान बाहर निकाली।

मधुमालती ने अपने बैग से स्टेथिस्कोप निकाला और नजानू के सीने से लगाकर जांच करने लगी:

"ज़रा गहरी सांस लीजिये।"

नजानू ने स्टीम इंजन की तरह नाक सुड़की।

"अब सांस रोके रहिये।"

नजानू ने हंसी पर काबू पाते हुए सांस खींची।


"आप हंस क्यों रहे हैं, मरीज़ जी? मैंने ऐसी कोई बात नहीं कही है!"

"यह कैसे मुमकिन है कि मैं बिलकुल सांस न लूं!" नजानू ने खीसें निपोड़ते हुए पूछा।

"सचमुच आप सांस एकदम नहीं रोक सकते, लेकिन क्षण भर के लिये तो थाम ही सकते हैं।"

"ठीक है," नजानू ने सहमति प्रगट की और सांस रोक ली।

डाक्टरी मुआयना कर लेने के बाद मधुमालती मेज़ पर बैठकर नुसखा लिखने लगी।



"आपके मरीज़ के कन्धे पर नील पड़ गया है," उसने नीलाक्षी से कहा। "दवाखाने में जाकर मधु का प्लास्टर ले आओ। इसे काटकर मरीज़ के कन्धे पर चिपका दो। और उसे बिस्तर से उठने मत दो। अगर वह बिस्तर से उठेगा तो आपके सारे बर्तन तोड़ डालेगा और किसी का माथा भी फोड़ देगा। छुटकों के साथ ज़रा सख़्ती करना ज़रूरी है।"

मधुमालती ने स्टेथिस्कोप उठाकर बैग में रखा और एक बार फिर सख़्ती से नजानू की तरफ़ देखकर चली गयी।


नीलाक्षी ने मेज़ पर से नुसखा उठाया और बोली:

"सुन लिया आपने? आपको लेटे रहना है।"

उत्तर में नजानू ने मुंह लटका लिया।

"मुंह बनाने की ज़रूरत नहीं है। और हां, अपने कपड़े ढूंढ़ने की कोशिश मत कीजियेगा क्योंकि मैंने उन्हें अच्छी तरह छिपा दिया है," नीलाक्षी ने कहा और दवा का नुसखा हाथ में लेकर कमरे से बाहर निकल गयी।






**Н. Носов**
НА НОВОМ МЕСТЕ
*на языке хинди*

**N.Nosov**
IN A STRANGE PLACE
*in Hindi*

सोवियत संघ में मुद्रित









प्यारे बच्चो,

नजानू और उसके दोस्तों के रोचक कारनामे आपको ज़रूर पसन्द आये होंगे। नजानू की कहानियों के इस क्रम में फूलनगर के निवासियों के बारे में आप हमारे यहां से प्रकाशित होनेवाली आगामी पुस्तकों में पढ़ेंगे:

नये दोस्त

मेज़ पर गपशप

ISBN 5-05-000982-0

ISBN 5-05-001502-2

# नजानू की कहानियां

निकोलाई नोसोव



१२

# नये दोस्त

रादुगा प्रकाशन · मास्को



# नजानू की कहानियां

## निकोलाई नोसोव

१२

# नये दोस्त

*अनुवादक:*
**संगमलाल मालवीय**


*चित्रकार:*
**बोरीस कलऊशिन**





राादुगा प्रकाशन · मास्को

पीपुल्स पब्लिशिंग हाउस (प्रा.) लिमिटेड

राजस्थान पीपुल्स पब्लिशिंग हाउस (प्रा.) लि.





नीलाक्षी के जाने के बाद नजानू थोड़ी देर बिस्तर पर लेटा रहा। फिर उसे गुड़िया का ख़्याल आया। आख़िर किस चीज़ की बनी है यह गुड़िया? अभी वह उठने ही वाला था कि उसे दरवाज़े के पीछे पैरों की आहट लगी। कुछ फुसफुसाती आवाज़ें सुनाई पड़ रही थीं:

"कहां है वह?"

"अन्दर।"

"क्या कर रहा है?"

"बिस्तर पर लेटा है।"

"मर गया?"

"नहीं, ज़िन्दा है।"

"मुझे भी देखने दो।"

"अभी ठहरो।"

नजानू ने दरवाज़े की तरफ़ मुड़कर देखा, लगा कोई उसे छिपकर देख रहा है।

"मुझे भी तो देखने दे। लोभी कहीं की!" फिर कोई फुसफुसाया।

"तुमने मुझे लोभी कहा। तुम्हारी—ये हिम्मत! जाओ नहीं हटती!"


इस बार झगड़ने की आवाज़ सुनाई दी।

"देखो, धक्का न दो," एक ने गुस्से से कहा। "तुमने एक और धक्का दिया तो चोटियां नोच लूंगी!"

"तो क्या मैं तुम्हें छोड़ दूंगी। ऐसी दुलत्तियां झाड़ूंगी कि होश उड़ जायेंगे।"

नजानू ने यह देखना चाहा कि बाहर झगड़ कौन रहा है। उसने बिस्तर से कूदकर जल्दी से दरवाज़ा खोल दिया। दरवाज़ा भड़ाक से किसी चीज़ से जा टकराया।






"ओह !" सिर पकड़े हुए दो छुटकियां उछलकर एक कोने में पहुंच गईं और सहमी-सहमी नजानू को देखने लगीं। वे दोनों चाबीवाली गुड़ियों की तरह जल्दी-जल्दी पलकें झपकाने और रोने लगीं। इसके बाद वे मुड़कर दरवाज़े के दाहिनी ओर संकरी सीढ़ी पर चढ़ने लगीं।

"आ-आ-आ !" नन्ही चोटियोंवाली छुटकी ज़ोर-ज़ोर से रो रही थी, उसकी चोटियां इधर-उधर लहरा रही थीं।

"ऊ-ऊ-ऊ !" दूसरी भी उसी तरह रो रही थी, जिसके सिर पर आसमानी रंग का फूलदार रिबन बंधा हुआ था।



नजानू ने अपनी गुद्दी खुजला बड़बड़ाया :

"लो, हो गया न क़िस्सा! शायद उन्हें ज़ोर से चोट लगी है।"

वह डरा कि इस अपरिचित घर में कहीं और हंगामा न हो जाये, इसलिये वह बिस्तर में दुबककर झपकी लेने लगा। लेकिन दरवाज़े के पीछे क़दमों की आहट फिर सुनाई दी।

दरवाज़ा खुला और एक दूसरी छुटकी अन्दर झांकी। छोटा-सा शोख़ चेहरा, घुंघराले बाल, नुकीली नाक और शरारत भरी आंखें।

"लड़ाकू! लड़ाकू!" वह ज़ोर-ज़ोर से चिल्लाने लगी।

नजानू बिस्तर पर उचककर बैठ गया। दरवाज़ा फिर भड़ाक से बन्द हुआ और

पैरों की फटफटाहट सुनाई दी, यानी कि वह छुटकी रफ़ूचक्कर हो गई। नजानू ने कन्धे उचकाये और उपेक्षा से बड़बड़ाया:

"हाय री, शोख़ छुटकी!"


वह तकिये पर सिर टिकाए झपकियां लेने लगा कि दरवाज़ा फिर से खुल गया और कमरे में फिर से घुंघराले बालोंवाली छुटकी आ झांकी।

"लड़ाकू! लड़ाकू!" वह चिल्लाई। "हा-हा-हा!"

और दरवाज़ा फिर झट से बन्द हो गया। नजानू बिस्तर से कूदा और गलियारे की ओर लपका, लेकिन वहां कोई न था।

"ठहरो ज़रा! अभी ठीक करता हूं," नजानू गुस्से से बड़बड़ाया।

उसने मेज़ पर पड़ा लकड़ी का स्केल उठाया और दरवाज़े की आड़ में छिप गया। उसे ज़्यादा इन्तज़ार न करना पड़ा। गलियारे में फिर पदचाप सुनाई दी। नजानू स्केल



ऊपर उठाए मौके की तलाश में खड़ा था। दरवाज़ा खुला और लकड़ी के स्केल ने अपना कमाल कर दिखाया। लेकिन... यह तो नीलाक्षी थी। स्केल उसके माथे से जा टकराया।

"उफ़!"

नीलाक्षी ने अपना माथा पकड़ लिया।

"आपने मुझे स्केल से क्यों मारा?" वह ज़ोर से चिल्लाई। "मेरे माथे पर गुमटा निकल आयेगा।"

"शायद कुछ नहीं होगा," नजानू ने सकुचाते और स्केल घुमाते हुए कहा।

"नहीं, नहीं! शायद आप नहीं जानते कि मैं कितनी नाजुक हूं। भाई, मैं तो चिड़िया के पंख से भी ज़ख़्मी हो जाती हूं, जिस्म नीला पड़ जाता है।"

"तो लाइये, मैं आपके माथे पर प्लास्टर चिपका दूं!" नजानू ने कहा। "दवा की दुकान से आप प्लास्टर लाई हैं न?"

"मैं आपके लिये लाई हूं।"

"हम दोनों के लिये काफ़ी होगा," नजानू ने जवाब दिया।

उसने कैंची उठाई और प्लास्टर के चार टुकड़े कर डाले।

"जल्दी!" नीलाक्षी ने कहा। "यहां, इस जगह!"

उसने माथा झुकाते हुए उंगली से इशारा किया। लेकिन नजानू ने चोट पर प्लास्टर तिरछा चिपकाया, उसे उचाड़ना पड़ा।

"संभालकर उचाड़िये न," नीलाक्षी चिल्लाई। "भाई, बाज आई इस मुए प्लास्टर से! ऐसे तो सारा माथा ही मैला हो जायेगा।"

"तो लीजिये न, ठीक हो गया," प्लास्टर चिपकाकर नजानू ने कहा।

नीलाक्षी आईने की ओर लपकी।


"क्या ख़ूब! यह तो बढ़िया चीज़ है न? इसे देखकर कोई क्या कहेगा? अच्छा, अब अपना कन्धा दिखाओ। तुम्हें कहां चोट लगी है?"

नीलाक्षी नजानू के कन्धे पर प्लास्टर चिपकाने लगी।

"माफ़ कीजियेगा, दरअसल मैं आपको चोट नहीं पहुंचाना चाहता था।"

"तब किसे?"

नजानू ने घुंघराले बालोंवाली छुटकी के बारे में बताना चाहा। लेकिन उसे शंका थी कि कहीं यह कोरी गप्प न मान ली जाये।



"अजी, किसी को नहीं!" नजानू ने कहा। "सच कहूं, मैं इसे आज़माना चाहता था। मारकर देखना चाहता था, यह स्केल मज़बूत है या नहीं?"

"आप सभी छुटके एक जैसे होते हैं। सिर्फ़ टकराने या टीप मारने की सोचते हैं।

पर जब आपकी ख़बर ली जाती है, तो बड़ा बुरा लगता है। आप मुस्करा क्यों रहे हैं? तो आपको मज़ा आ रहा है कि मेरे माथे पर प्लास्टर चिपका है न?"

वह फिर आईने के सामने आकर खड़ी हो गई।

"अजी, इसे तो देखकर बड़ी हंसी आती है, चिपका है माथे पर एक चौकोर टुकड़ा!"

"तो आप इसे गोल काटकर चिपका लीजिये," नजानू ने सलाह दी।

नीलाक्षी ने प्लास्टर उचाड़ा, उसे कैंची से काटकर गोल बनाया और फिर माथे पर चिपका लिया।

"अब ठीक है न?" उसने नजानू की ओर मुड़कर पूछा।

"बहुत ख़ूब, आप पर तो यह फब रहा है," नजानू ने पुष्टि की।

नीलाक्षी ने आंखें दबाकर आईने में देखा।

"अब मेरी पतलून-क़मीज़ तो वापस कर दीजिये न," नजानू ने कहा।

"चलिये, हाथ-मुंह धो लीजिये, कपड़े तो उसके बाद ही मिलेंगे।"

नीलाक्षी ने नजानू को ग़ुसलख़ाने तक पहुंचाया। दीवार पर टंगे तौलिये, मंजन, ब्रश और साबुन दिखाकर समझाया।



"तो यह रहा ब्रश और मंजन। चलिये, झट से दांत साफ़ कीजिये," नीलाक्षी ने कहा।

"मैं मंजन नहीं करूंगा!" नजानू बड़बड़ाया।

"क्यों?"

"कड़वा है!"

"भाई, यह कोई नाश्ता तो नहीं, मंजन है।"

"कुछ भी हो। इससे जीभ जल जाती है।"

"थोड़ी देर के लिए न।"

नजानू ने ब्रश लिया और बेमन से मंजन करने लगा। एक-दो बार ब्रश रगड़ने के बाद उसने मंजन थूक दिया और बुरा-सा मुंह बनाया। फिर उसने मुंह पानी से धोकर साबुन से हाथ साफ़ किये और साबुन शेल्फ़ पर रखकर वह चेहरे पर पानी के छींटे मारने लगा।

"ऐसे नहीं, साबुन से," नीलाक्षी ने कहा।

"भड़ में जाये साबुन!" नजानू ने कहा। "वह तो आंख में लगता है।"





"सोच लो," नीलाक्षी ने ज़रा सख़्ती से कहा। "यूं तो आपके कपड़े नहीं मिलेंगे।"

आख़िर नजानू करता तो क्या? उसने चेहरे पर साबुन लगाया और झटपट उसे पानी से धोने लगा।

"बाप रे बाप! कित्ता ठंडा पानी है!" वह कांपते हुए बोला।


नजानू ने किसी न किसी तरह ठंडे पानी से चेहरा धो ही डाला और उसने आंखें खोले बिना अपनी बांहें फैलाकर दीवार पर कुछ टटोलने लगा।

नीलाक्षी ने अपनी हंसी को रोकते हुए नजानू की ओर देखा।

"आप क्या ढूंढ़ रहे हैं?"

"त-तौलिया," ठंड से कंपकंपाते हुए नजानू ने कहा।

"आप आंखें मूंदकर तौलिया ढूंढ़ते हैं? अरे, आंखें तो खोलिये न।"



"किसलिये? यूं ही आंखों में साबुन लग रहा है।"
"आप उसे ठीक से धो लें।"



नीलाक्षी ने दीवार पर टंगे तौलिये को उठाया और नजानू की ओर बढ़ा दिया। नजानू ने अच्छी तरह चेहरा पोंछने के बाद ही अपनी आंखें खोलीं।

"यह हुई न बात! हो गये साफ़-सुथरे और सुंदर!" नीलाक्षी ने तौलिये पर जमी मैल को देखते हुए कहा: "हां, एक बात और! इस बार मैंने आपके साथ रियायत की है, अगली बार सफ़ाई का ज़रा ज़्यादा ख़्याल रखना पड़ेगा। समझ गये न?"

और तब उसने नजानू के कपड़े लाकर दिये।

"कपड़े पहनकर ऊपर आओ। नाश्ता तैयार है। भूख तो लगी है न?"

"अजी, पेट में चूहे कूद रहे हैं," नजानू ने कहा। "मैं इस समय एक समूचा हाथी खा जाऊंगा!"

"हाय री भूख! तब फिर देर क्या है? जल्दी आओ! आपका इन्तज़ार है।"



Н. Носов

НОВЫЕ ЗНАКОМЫЕ

*На хинди*

N. Nosov

NEW FRIENDS

*In Hindi*



Перевод сделан по книге:
Н. Носов. Приключения Незнайки и его друзей. М. „Дет. лит." 1958 г.
Для дошкольного возраста.


सोवियत संघ में प्रकाशित






अगर नजानू और उसके दोस्तों की कहानी आपको दिलचस्प लगे तो फूलनगर के अनूठे वासियों की आगे की घटनाएं आप इस पुस्तक में पढ़ सकते हैं:

**मेज़ पर गपशप**

ISBN 5-05-000982-0
ISBN 5-05-002109-X

# नजानू की कहानियां

## निकोलाई नोसोव



१३



# मेज़ पर गपशप

राडुगा प्रकाशन · मास्को



# नजानू की कहानियां

## निकोलाई नोसोव

१३

# मेज़ पर गपशप

अनुवादक:
संगमलाल मालवीय

चित्रकार:
बोरीस कलऊशिन




रादुगा प्रकाशन · मास्को

पीपुल्स पब्लिशिंग हाउस (प्रा.) लिमिटेड
५ ई, रानी झांसी रोड, नई दिल्ली-११००५५

राजस्थान पीपुल्स पब्लिशिंग हाउस (प्रा.) लि.
चमेलीवाला मार्केट, एम. आई. रोड, जयपुर 302001





नजानू ने झट से कपड़े पहने और लकड़ी की चरमराती सीढ़ियों पर चढ़कर दूसरी मंज़िल पर पहुंचा। यह कमरा नीचेवाले से छोटा, लेकिन ज़्यादा आरामदायक था। दो अर्धगोलाकार खिड़कियों पर ख़ूबसूरत परदे लहरा रहे थे। खिड़कियों के बीचवाला दरवाज़ा बरामदे की ओर खुलता था। कमरे के मध्य में एक मेज़ पर तरह-तरह की खाने की वस्तुएं – केक, पेस्ट्री, मुरब्बे, कचौरियां, अख़रोट वग़ैरह तश्तरियों में सजे हुए थे। तरह-तरह की चीज़ों से सजी मेज़ को देखते ही नजानू की नज़र फिसलने लगी।

इसी बीच सिर पर बंधे फूलदार रिबन और चोटियोंवाली छुटकियां चाय उड़ेल रही थीं। घुंघराले बालोंवाली छुटकी सेब की जेली लेकर आ रही थी। नीलाक्षी ने अपनी सहेलियों से नजानू का परिचय कराया। चोटियोंवाली छुटकी का नाम था श्वेता, रिबनवाली का – जेता और घुंघराले बालोंवाली छुटकी को मिट्ठू कहते थे। नजानू झट से मेज़ पर बैठना ही चाहता था कि दरवाज़ा खुला और कमरे में चार छुटकियां और आ पहुंचीं। नीलाक्षी ने इन सहेलियों का भी परिचय नजानू से कराया :

"और ये हैं हमारी पड़ोसिनें – डेज़ी, पिन्की, रोज़ा और मिली।" नीलाक्षी ने कहा।

नजानू अब तक छुटकियों से घिर चुका था।

"क्या आप गुब्बारे में उड़कर यहां आए हैं?" श्यामकेशी मिली ने पूछा।

"बेशक, गुब्बारे में," नजानू ने रौब मारते हुए कहा, लेकिन एक नज़र मेज़ पर थी।

"यूं उड़ने में आपको डर नहीं लगा?" मोटी-सी रोज़ा ने पूछा।

"ऐसा डर कि बस!.. अजी, नहीं, ज़रा भी नहीं!" नजानू ने जवाब दिया।

"आप कितने साहसी हैं! मैं तो किसी क़ीमत पर गुब्बारे में न उड़-ती!" पिन्की ने कहा।

"कहां से आए हैं आप?"

"फूलनगर से।"

"कहां है यह नगर?"

"वहां," अनिश्चित दिशा में हाथ हिलाकर नजानू ने कहा। "खीरे-वाली नदी के किनारे।"

"मैंने तो इस नदी का नाम ही नहीं सुना," मिली ने कहा। "बहुत दूर होगी शायद?"

"बहुत दूर," नजानू ने सहमति प्रगट की।

"आइए, बैठिए, चाय ठण्डी हो रही है," नीलाक्षी ने मेहमानों से कहा।

नजानू को दुबारा याद दिलाने की ज़रूरत न पड़ी। पलक झपकते ही वह मेज़ पर बैठ गया। और देखते ही देखते केकों, पेस्ट्रियों और बिस्कुटों की शामत आ गई। नजानू इन्हें ठूंस-ठूंसकर मुंह में भरने लगा। लेकिन छुटकियों ने सिर्फ़ मुंह जूठा कर लिया। वे तो नजानू से गुब्बारे के बारे में ढेर-सी बातें जानने की इच्छुक थीं।

"आख़िर इस गुब्बारे का आविष्कार किसने किया?" मिट्ठू ने पूछा।

"मैंने!" जल्दी-जल्दी जबड़े चलाते और मुंह में ठूंसी केक को ख़त्म करते हुए नजानू ने कहा।

"आप क्या कह रहे हैं?! सचमुच आपने ही?" सारी छुटकियां उसके और क़रीब आ गईं।

"हां, हां, यक़ीन करें! क़सम खाता हूं!" नजानू ने अस्पष्ट स्वर में कहा – उसके गले में केक अटक जो गयी थी।

"अहहा! कित्ते मज़े की बात है! कृपया विस्तार से सुनाइए न। कैसे हुआ यह सब?" रोज़ा ने पूछा।

"अरे, इसमें सुनाने की बात ही क्या है?" नजानू ने कंधे उचकाते हुए कहा। "सीधी-सादी बात है। बहुत दिनों से हमारे यहां के छुटके तंग



करते थे कि मैं कोई नया आविष्कार करूं। अक्सर वे कहते: 'भाई! कुछ सोचिए न, अक़्ल दौड़ाइए न?' और मैं कहता: 'भाइयो, मैं ऊब चुका हूं। ख़ुद ही सोचो, अक़्ल दौड़ाओ।' वे कहते: 'यह आप क्या कहते हैं? हमारी अक़्ल तो चरने गई है। एक आप ही बुद्धिमान हैं।' 'ठीक है,' मैंने कहा, 'कुछ करना ही पड़ेगा।' और मैंने सोचना शुरू किया।"

नजानू ध्यानमग्न-सा पेस्ट्री खाने लगा। छुटकियां अधीरता से उसे देख रही थीं। जब यह पेस्ट्री ख़त्म हो गई तो उसने एक और पेस्ट्री की ओर हाथ बढ़ाया। इस बार श्वेता ने ख़ामोशी तोड़ते हुए कहा:


"तो आप कह रहे थे कि... 'मैंने... सोचना शुरू किया!'"


"हां!" उसने कहा मानो स्वप्न से जागा हो, पेस्ट्री मेज़ से टकराई। "इस तरह मैं तीन दिन, तीन रात बस सोचता ही रहा और लो, सोच निकाला! तब मैंने दोस्तों से कहा: 'भाइयो, अब काम का वक़्त आ गया है। मैं एक गुब्बारा बनाऊंगा।' और हमने मिल-जुलकर गुब्बारा बना डाला। हमारे फूलनगर के एक विख्यात कवि गुलदस्ता ने एक कविता भी लिखकर मुझे समर्पित की थी: 'नजानू ने गुब्बारा बनाया...' या शायद: 'गुब्बारा नजानू ने उड़ाया...' या 'गुब्बारा नजानू ने बनाया, गगन में लहराया'। ख़ैर, मारो गोली उस कविता को! लो, मैं भूल ही गया। अजी, मेरे बारे में तरह-तरह की कविताएं लिखी जा रही हैं—कहां तक याद रखूं उन्हें?"


नजानू ने एक और पेस्ट्री उठाई।

"लेकिन आपने गुब्बारा कैसे बनाया?" नीलाक्षी ने पूछा।

"अजी, वह काम बड़ा विकट था। हमारे नगर के सारे छुटके दिन-रात गुब्बारा बनाने में ही जुटे रहे। कुछ लोग रबर का रस मल रहे थे,








कुछ लोग पम्प से हवा भर रहे थे और मैं बस सीटियां बजाता घूम रहा था। आप इसे सिर्फ़ सीटियां बजाना ही न समझें, मैं हरेक का काम देख रहा था, समझा रहा था, आदेश दे रहा था... वहां मेरे सिवा किसी को कुछ पता न था। ज़रूरत पड़ने पर ख़ुद ही करके दिखाना पड़ता था। बड़ी ज़िम्मेदारी का काम था, गुब्बारा किसी वक़्त फट सकता था। हां, मेरे दो सहायक भी थे: मोड़ू और पेंचू। ग़ज़ब के कारीगर थे। पीर, बवर्ची, भिश्ती, खर – क्या नहीं थे वे! पर उनकी अक़्ल कम चलता था। हर चीज़ उन्हें करके दिखानी-समझानी पड़ती थी। मैंने उन्हें बॉयलर बनाना सिखाया। और देखते ही देखते बॉयलर बनकर तैयार हो गया: बॉयलर में पानी खद-बदाने लगा, भाप उड़ने लगी। लोग मुंह बाए खड़े रह गए।"

छुटकियां बड़े ध्यान से यह सारा क़िस्सा सुन रही थीं।


"फिर क्या हुआ? आगे क्या हुआ?" नजानू के चुप होते ही सभी एक साथ बोल पड़ीं।

"आख़िर उड़ान का दिन आ ही गया," नजानू सुनाता गया। "हज़ारों बौने वहां इकट्ठे हो गए। कुछ छुटके कहते कि गुब्बारा ज़रूर उड़ेगा, लेकिन कुछ कहते कि उड़ ही नहीं सकता। और इसी प्रश्न पर हंगामा हो गया। अजी, घमासान युद्ध छिड़ गया। वे, जिन्होंने कहा कि गुब्बारा उड़ेगा,



उनकी मुक्कों से ख़बर लेने लगे, जिन्होंने कहा था कि गुब्बारा नहीं उड़ेगा। और जिन्होंने कहा था कि नहीं उड़ेगा, वे उड़ान के समर्थकों के छक्के छुड़ाने लगे। या नहीं... शायद मामला उलट गया था। यानी कि जो यह कहते कि गुब्बारा उड़कर रहेगा, वे ही उड़ान के विरोधियों की ख़बर लेने लगे... या ऐसा लगता है कि मामला कुछ और ही था... ज़रा संक्षेप में कहें तो ऐसा हंगामा था, ऐसी भगदड़ थी कि पता ही न चला कि कौन किसे पीट रहा है। सभी एक दूसरे पर मुक्के चला रहे थे।"

"ख़ैर, छोड़िए भी इस झगड़े को!" नीलाक्षी ने कहा। "आप लड़ाई-झगड़े के बारे में न बताएं, गुब्बारे की उड़ान का ही क़िस्सा सुनाएं! हां,



तो फिर आगे क्या हुआ?"

"वही तो मैं बताने जा रहा था," नजानू ने कहा। "हां, तो जब वे लड़ते रहे, हम झपटकर गुब्बारे के झाबे में सवार हो गए। उड़ान से पहले मैंने एक छोटा-सा भाषण दिया: 'भाइयो, अलविदा, हम उड़ रहे हैं!' और हम उड़ लिए। और इत्ती ऊपर पहुंच गए कि ज़मीन इस कचौरी-सी दिखने लगी।"

"यह नहीं हो सकता!" छुटकियों ने अविश्वास प्रगट किया।

"अरे बाबा, मेरा बेड़ा ग़र्क़ हो जाए, अगर मैं झूठ बोलूं," नजानू ने कहा।

"कृपया, बीच में मत बोलिए," नीलाक्षी ने मायूस होकर कहा। "आप लोग टोकिए नहीं, भला वह झूठ क्यों बोलेगा।"


"अजी," नजानू ने कहा, "मुझे गप मारने से रोकिए नहीं... यानी कि... छि...! सच बोलने से रोकिए नहीं। बस, सुनते रहिए।"

"सुनाइए! · सुनाइए!" वे एक साथ चिल्लाईं।

"हां, हम लोग ऊपर ही ऊपर उड़ते रहे," नजानू ने कहा। "अचानक ज़ोरदार आवाज़ सुनाई दी: फटाक! हम लोग बादल से जा टकराए। ग़ुब्बारा वहीं थम गया। अब क्या किया जाए?.. मुझे सोचने में ज़्यादा देर न लगी। हमने झट से अपना कुल्हाड़ा निकालकर बादल में सूराख़ कर डाला और फिर ऊपर उड़ने लगे। अचानक हमने देखा कि हम पैर ऊपर किए उड़ रहे हैं: आसमान नीचे और ज़मीन ऊपर! अजीब नज़ारा था।"

"आख़िर ऐसा क्यों?" छुटकियों ने आंखें फाड़ते हुए कहा।

"अजी, प्रकृति का नियम है," नजानू ने समझाया। "बादलों के पार सदैव पैर ऊपर करके उड़ते हैं। इस तरह हम ऊपर ही ऊपर उड़ते रहे और ख़ूब ऊंचाई पर पहुंच गए। ग़ज़ब की ठंड थी। वहां का तापमान शून्य से एक हज़ार दशमलव एक डिग्री कम था! सब ठिठुर गए थे। ग़ुब्बारा ठंडा होकर गिरने लगा। लेकिन मैं कोई मामूली विशेषज्ञ तो था नहीं। मैंने ग़ुब्बारे की उड़ान









से पहले ही रेत की बोरियां झावे में रखवा दी थीं। हम उन्हें नीचे फेंकने लगे। फेंकते रहे, फेंकते रहे—इस तरह सभी बोरियां नीचे फेंक दी गईं। अब क्या किया जाए? हमारे बीच में एक छुटका था। उसका नाम था जानू। वह बड़ा डरपोक था। जब उसने गुब्बारे को नीचे गिरता देखा तो लगा चीखने-चिल्लाने। और अचानक पैराशूट लेकर गुब्बारे से कूद गया। इसके बाद झाबा हलका हो गया और गुब्बारा ऊपर उड़ने लगा। लेकिन ज़्यादा देर तक न उड़ा। फिर से गिरने लगा, ज़मीन की तरफ़ खिंचता गया। ज़मीन पर टप्पे खाता, लहराता ज़मीन से आ टकराया... और एक अदद मैं गिर पड़ा धड़ाम से। वह भी सिर के बल..."



अपनी कहानी सुनाते हुए नजानू इतने जोश में आ गया कि उसने एक भरपूर मुक्का कचौरी पर दे मारा। अंदर भरा हुआ मुरब्बा चारों ओर बिखर गया। छुटकियां चौंककर अपनी कुर्सियों से गिरते-गिरते बचीं।



सन्नाटा छा गया। सभी छुटकियां नजानू को आश्चर्य से देख रही थीं। उनके हृदय में नजानू के प्रति आदर का भाव था। उनकी नज़र में वह एक सच्चा सूरमा था।

"भाई, फिर क्या हुआ?" जरा संभलने के बाद उन्होंने पूछा।

"बस इतना ही याद है मुझे।"

अन्त में नीलाक्षी ने कहा:



"हम तो आपके उड़न-गुब्बारे से बहुत डर गए थे। कल शाम को हम लोग बरामदे में बैठे चाय पी रहे थे। अचानक हमने देखा कि एक बहुत बड़ा गुब्बारा हमारे घर की ओर उतरता चला आ रहा है। लेकिन वह अचानक चहारदी-

वारी से टकराया। फटाक! गुब्बारा फट गया और जब हम दौड़कर उसके पास पहुंचे तो देखा कि भोजवृक्ष की छाल का बना एक झाबा वहां पड़ा है।"

"और आप ज़मीन पर निर्जीव-से पड़े थे," जेता ने बात आगे बढ़ाई।

"एक जूता आपके पैर में था, दूसरा चहारदीवारी पर और हैट पेड़ की टहनी पर झूल रहा था," श्वेता ने कहा।


"आपकी जैकेट की आस्तीन फट गई थी और आज सुबह ही वह हमें मिली है।" मिट्ठू ने कहा। "उसे जल्दी से जल्दी सिलना पड़ा।"

"मुझे यहां कौन लाया?" नजानू ने पूछा।

"हम लोग। आख़िर आपको रात में बाहर तो छोड़ नहीं सकते थे," नीलाक्षी ने कहा।

"आप मृतप्राय थे, मामूली-सी सांस चल रही थी," जेता ने फिर अपनी बात जोड़ दी। "लेकिन मधुरिमा ने कहा कि जान वापस लौट आएगी, क्योंकि आपका जिस्म ... क्या कहते हैं उसे ... फौ-ला-द का बना है।"

"हां, फौलाद ही समझें, लेकिन मेरी खोपड़ी तो और भी मज़बूत है," नजानू ने ज़रा और शेख़ी बघारते हुए कहा। "मेरी जगह कोई और होता तो मस्तिष्क-व्याघात हो चुका होता।"





"अजी, व्याघात नहीं, आघात," नीलाक्षी ने नजानू की ग़लती सुधार-ते हुए कहा।

"लेकिन आपने कहा था कि उड़ान के समय गुब्बारे में आप अकेले न थे," नीलाक्षी ने पूछा।

"बेशक अकेला न था। हम सब सोलह यात्री थे। सच है कि डरपोक जानू छलांग लगा गया, इस तरह बाक़ी बचे पंद्रह! .."

"वे सब कहां हैं?" मिली ने पूछा।

"पता नहीं," नजानू ने कहा। "तो क्या झाबे में मेरे अलावा कोई और नहीं था?"

"वहां तो सिर्फ़ रंग का एक डिब्बा और मेडिकल बॉक्स ही मिला था।"

"रंग का डिब्बा तो ट्यूबेश का है और मेडिकल बॉक्स डाक्टर टिकि-यावाला का," नजानू ने कहा।

इसी समय दरवाज़ा खुला और कमरे में तुषारिका ने प्रवेश किया।

"कुछ सुना आपने?" वह ज़ोर से चिल्लाई। "एक नई ख़बर है। एक और गुब्बारा धरती पर उतरते ही फट गया। उस पर चौदह छुटके सवार थे। वे कल शाम को नगर के किनारे गिर पड़े थे। हमारी छुटकियों ने आज सवेरे ही उन्हें देखा था। वे अस्पताल में भर्ती किए जा चुके हैं।"

"क्या वे सभी घायल हैं?" आह भरते हुए श्वेता ने कहा।

"घबराने की बात नहीं," तुषारिका ने शांत स्वर में जवाब दिया। "मधुग्मिा ने कहा है कि वे सभी ठीक हो जाएंगे।"

"वे मेरे दोस्त ही होंगे!" नजानू ने कहा। "इसी समय मुझे अस्पताल जाना होगा। तभी सारा हाल मिल पाएगा।"

"चलो, मैं भी आपके साथ चलती हूं," नीलाक्षी ने कहा।

"और मैं भी," तुषारिका ने कहा।

इसी समय उसकी नज़र नीलाक्षी के माथे पर चिपके गोलाकर प्लास्टर पर पड़ी: "अहा, तुम्हारे माथे पर कित्ता ख़ूबसूरत घेरा है। हाय, तुम पर तो ख़ूब फब रहा है। कोई नया फ़ैशन है क्या? शायद, ऐसा मैं भी अपने लिए बनाऊंगी।"

"नहीं," नीलाक्षी ने कहा। "यह तो प्लास्टर है। दरवाज़े से माथा टकरा गया था।"

"तो यह बात है..." तुषारिका ने मायूसी से कहा।


क्षण भर में कमरा ख़ाली हो गया। हरेक अपने पड़ोसियों को यह गरमा-गरम ख़बर बताने दौड़ पड़ा।



**Н. Носов**
РАЗГОВОР ЗА СТОЛОМ
*На хинди*

**N. Nosov**
DUNNO TELLS OF HIS ADVENTURES
*In Hindi*







अगर नजानू और उसके दोस्तों की कहानी आपको दिलचस्प लगे तो फूलनगर के अनूठे वासियों की आगे की घटनाएं आप इस पुस्तक में पढ़ सकते हैं :

**नगर की सैर**

ISBN 5-05-000982-0
ISBN 5-05-002110-3

# नजानू की कहानियां

निकोलाई नोसोव



14

# शहर की सैर



# नजानू की कहानियां

## निकोलाई नोसोव

14

# शहर की सैर

*चित्र: बोरिस कलौशिन*

*हिंदी: अरविन्द गुप्ता*







स्नोड्रॉप, कॉर्नफ्लावर और नजानू एक गली में गए जो पतली विलो की टहनियों से बनी बाड़ से घिरी हुई थी। बाड़ के पीछे लाल और हरी छतों वाले सुंदर घर दिख रहे थे। घरों के ऊपर सेब, नाशपाती और अन्य फलों के बड़े-बड़े पेड़ थे। पेड़ सड़कों के साथ-साथ बगीचों में भी उग रहे थे। वहाँ इतने सारे पेड़ और झाड़ियाँ थीं कि उस शहर का नाम "ग्रीनविल" पड़ गया।

नजानू ने उत्सुकता से अपने चारों ओर नज़र डाली। सब कुछ एकदम साफ़-सुथरा था। हर बगीचे में बौनी-लड़कियां यानि छुटकियां काम करती हुई दिख रही थीं।

उनमें से कुछ घास काट रही थीं, कुछ रास्ते साफ़ कर रही थीं, और कुछ बिछे हुए कालीन से धूल झाड़ रही थीं। ये कालीन न सिर्फ़ ग्रीनविल के घरों के फ़र्श पर, बल्कि फुटपाथ और सड़कों पर भी बिछाए गए थे।

कुछ ग्रहणियों को इतना डर था कि आने-जाने वाले राहगीर उनके कारपेट गंदे कर देंगे कि वे बाड़ के पास खड़ी होकर उनसे गुज़ारिश करती थीं कि वे उन पर न चलें, या अगर चलें भी, तो पहले अपने पैर अच्छे से पोंछ लें। सामने के गार्डन में रास्तों पर भी कालीन लगे थे, और घरों के बाहर चमकीले कालीन लटके हुए थे।

ग्रीनविल में पानी की सप्लाई सरकंडों के बने पाइपों से होती थी। सरकंडा, जैसा कि सब जानते हैं, खोखला होता है, और इसलिए वो पाइप के तौर पर बहुत अच्छा काम करता है। जैसा आप सोच सकते हैं, उन्हें ज़मीन में नहीं, बल्कि ज़मीन से ऊपर, लकड़ी के खंभों पर बिछाया गया था ताकि वे सड़ें नहीं। बौने, सरकंडो से निकले पानी के लीक पर नज़र रखते थे और ध्यान से उनकी मरम्मत करते थे, और इसलिए सरकंडे लंबे समय तक चलते थे। पानी के मुख्य पाइप की एक ब्रांच हर घर में जाती थी। इसके अलावा, हर घर के सामने एक फव्वारा भी था। फव्वारा फायदेमंद होने के साथ-साथ देखने में भी सुंदर था। फव्वारे के किनारे से बहने वाले पानी का इस्तेमाल बगीचों में पानी देने के लिए किया जाता था। हर घर में एक किचन गार्डन था जिसमें चुकंदर, गाजर, शलजम, मूली और दूसरी सब्ज़ियाँ उगाई जाती थीं।

नजानू ने कुछ लड़कियों को एक बगीचे में सब्ज़ियाँ इकट्ठा करते हुए देखा। पहले उन्होंने एक शलजम या गाजर के लिए ज़मीन खोदी, फिर उसके ऊपर रस्सी बाँधी और पूरी ताकत से उसे बाहर खींचा। जब शलजम या गाजर जड़ से बाहर आ गई, फिर लड़कियाँ ज़ोर-ज़ोर से चिल्लाते और हँसते हुए उसे घर ले गईं।

"ऐसा कैसी बात है कि आपके शहर में मुझे सिर्फ़ लड़कियाँ ही दिखती हैं? क्या यहाँ कोई लड़के नहीं रहते?" नजानू ने पूछा।

"नहीं, ऐसा नहीं है। सभी लड़के नदी के किनारे रहने चले गए हैं। उन्होंने अपना खुद का एक शहर बनाया है जिसका नाम 'काइट टाउन' है।”



"उन्होंने ऐसा क्यों किया?" नजानू ने पूछा।

"उन्हें वहां ज़्यादा अच्छा लगता है। वे गर्मियों में पूरे दिन धूप में लेटे रहते हैं और तैरते हैं, और सर्दियों में बर्फ़ पर स्केटिंग करते हैं। वसंत में जब नदी उफनती है और उनके शहर में बाढ़ आती है, तब उन्हें बहुत मज़ा आता है।"

"उन्हें इसमें क्या मज़ा आता है?" हैरान नजानू ने पूछा।

"मुझे नहीं पता," स्नोड्रॉप ने कहा, "लेकिन हमारे लड़के-माइट्स (बौनों) को यह बहुत पसंद है। वे एक-दूसरे को बचाने के लिए नावों में घूमते हैं। उन्हें एडवेंचर यानि रोमांच बहुत पसंद हैं।"

"मुझे भी," नजानू ने कहा। "क्या तुम्हें लगता है कि मैं तुम्हारे बौनों यानि छुटकों से जान-पहचान कर सकता हूँ?"

"नहीं, तुम वहाँ नहीं जा सकते," स्नोड्रॉप ने कहा। "सबसे पहले, काइट टाउन तक पहुँचने में पूरा एक घंटा लगता है; दूसरी बात, हमारे छुटके तुम्हारे दिमाग में बुरे आइडिया डाल देंगे; और तीसरी बात, हम उनसे बात नहीं करते।"

"ऐसा क्यों?"

कॉर्नफ्लावर ने कहा, "उसका बहुत अच्छा कारण है।" "पिछली सर्दियों में उन्होंने हमें नए साल की पार्टी में बुलाया था, कहा था कि म्यूज़िक और डांस होगा, और जब हम वहाँ पहुँचे, तो पता है उन्होंने क्या किया? उन्होंने हम पर स्नोबॉल फेंके!"

"फिर क्या हुआ?"

"फिर क्या हुआ? हमने तब से उनसे कोई बात नहीं की। हममें से कोई भी उनसे मिलने भी नहीं जाता है।"

"और क्या वे आपसे मिलने नहीं आते?"

"नहीं, वे ऐसा नहीं करते। पहले तो उनमें से कुछ ने ऐसा करने की कोशिश की, लेकिन आप यकीन मानिए कोई लड़की उनके साथ खेलने को तैयार नहीं थी। हमने उन्हें इतना बुरा-भला कहा कि वे शरारत करने लगे — खिड़कियां तोड़ने लगे और बाड़ें गिराने लगे," स्नोड्रॉप ने कहा।

कॉर्नफ्लावर ने कहा, "फिर उन्होंने नेल्स नाम के एक बदमाश छुटके को हमारे शहर भेजा। वह कुछ खास था!"

"बस इतना ही नहीं था!" स्नोड्रॉप ने कहा। "वह आया और उसने कहा कि वह हमसे दोस्ती करना चाहता है क्योंकि उसे लड़के भी पसंद नहीं थे, वे बहुत शरारती थे। हमने उसे अपने शहर में रहने की इजाज़त दी, और आपको लगता है उसने क्या किया? वो रात में खिड़की से बाहर निकला और उसने एक घर के दरवाज़े पर एक खंभा लगा दिया ताकि सुबह कोई बाहर ही न निकल सके, दूसरे के दरवाज़े पर लकड़ी का एक टुकड़ा लटका दिया ताकि जो भी उसे खोले उसके सिर पर चोट लगे, तीसरे के दरवाज़े पर रस्सी बांध दी ताकि जो भी बाहर निकले वह लड़खड़ाकर गिर जाए, चौथे की चिमनी गिरा दी, पांचवें की खिड़कियां तोड़ दीं...."



यह सब सुनकर नजानू लगभग हंस पड़ा।

कॉर्नफ्लावर ने कहा, "तुम्हें शायद यह मज़ेदार लगे, लेकिन तुम्हें देखना चाहिए था कि उससे कितनी छुटकियों की नाक पर चोट लगी! एक छुटकी तो चिमनी ठीक करने के लिए छत पर चढ़ते समय गिर गई और उसका पैर लगभग टूट गया था।"

"मैं छुटकियों पर नहीं हंस रहा हूं," नजानू ने कहा। "मैं उस छुटके नेल्स पर हंस रहा हूं।"





स्नोड्रॉप ने कहा, "तुम्हें उस पर हंसना नहीं चाहिए, तुम्हें नेल्स को सज़ा देनी चाहिए, ताकि वह फिर कभी ऐसी बुरी हरकतें न करे।"

उस समय वे सड़क के बीच में उगे एक सेब के पेड़ के पास से गुज़र रहे थे। पेड़ की सभी डालियाँ पके हुए लाल सेबों से लदी हुई थीं। उसके सहारे एक लकड़ी की सीढ़ी रखी गई थी, लेकिन वह तने के आधे हिस्से तक ही पहुँच पा रही थी। ऊपर की डालियों से रस्सी की सीढ़ियाँ लटकी हुई थीं। दो लड़कियाँ पेड़ पर चढ़ी थीं। उनमें से एक सेब के तने को आरी से काट रही थी, दूसरी उसे पकड़े थी ताकि सेब नीचे गिरे।



"सावधान रहना," कॉर्नफ्लावर ने नजानू को चेतावनी दी। "कोई सेब तुम्हारे सिर पर भी गिर सकता है और उससे तुम्हारी मौत हो सकती है।"

"मैं नहीं मरूँगा!" नजानू ने घमंड से कहा। "मेरी खोपड़ी बहुत मोटी है!"

स्नोड्रॉप ने कहा, "छुटके सोचते हैं कि वे बहुत बहादुर हैं, लेकिन हम भी उनकी तरह ही बहादुर हैं।" "ज़रा देखो कि वे दोनों लड़कियां कितनी ऊंचाई पर चढ़ गई हैं।"

"लेकिन लड़कियां गुब्बारों में नहीं चढ़तीं और मोटर कारों में भी नहीं घूमतीं हैं," नजानू ने कहा।

"ओह, है ना?" स्नोड्रॉप ने कहा, "हमारी बहुत सी लड़कियां गाड़ी चलाना जानती हैं।"

"तो क्या आपके पास कार है?"

"हाँ, है। लेकिन अब वो खराब हो गई है। हमें नहीं पता कि उसे कैसे ठीक करें। शायद आप उसे ठीक करने में  हमारी कुछ मदद कर सकें?"

"हाँ, जरूर," नजानू ने कहा। "मुझे कारों के बारे में थोड़ा-बहुत पता है। जैसे ही बेंडम और ट्विस्टम हॉस्पिटल से बाहर आएँगे, मैं उनसे आपकी कार ठीक करवा दूँगा।"

"बहुत धन्यवाद!" स्नोड्रॉप ने ताली बजाते हुए कहा।

इस समय नजानू की नज़र एक ऐसी चीज़ पर पड़ी जो उसने पहले कभी नहीं देखी थी। सड़क के बीच में बड़ी-बड़ी हरी गेंदें पड़ी थीं जो दो या तीन मंज़िला घर जितनी ऊंची थीं।

"क्या वे गुब्बारे हैं?" उसने पूछा।

स्नोड्रॉप और कॉर्नफ्लावर हँस पड़ीं।

"ये तरबूज हैं," उन्होंने कहा। "क्या तुमने पहले कभी तरबूज नहीं देखे?"

"कभी नहीं," नजानू ने माना। "जहां से मैं आता हूं वहां तरबूज नहीं उगते। वे किस काम आते हैं?"

"यह छुटका इतना भी नहीं जानता कि तरबूज किस काम आते हैं!" स्नोड्रॉप हँसी। "अरे, तुम एक मिनट में मुझसे यह भी पूछोगे कि सेब और नाशपाती किस काम आते हैं?"





"क्या तुम्हारा मतलब है कि लोग उन्हें खाते हैं?" हैरानी से नजानू ने पूछा। "इतने बड़े साइज़ की किसी भी चीज़ को खाने में कम-से-कम एक साल लग जाएगा।"

कॉर्नफ्लावर ने कहा, "हम इन्हें खाते नहीं हैं। हम इनका जूस निकालते हैं। वह सिरप जैसा होता है। अगर आप तरबूज के तले में छेद कर दें, तो एक तरबूज से कई बैरल सिरप मिल सकता है।"

"इन्हें लगाने के बारे में किसने सोचा?" नजानू ने पूछा।

कॉर्नफ्लावर ने कहा, "हमारे यहाँ थिसल नाम की एक बहुत होशियार छोटी लड़की है। उसे फल और सब्ज़ियाँ उगाना और नई-नई किस्में लाना बहुत पसंद है। हमारे यहाँ पहले कभी तरबूज़ नहीं होते थे, लेकिन एक दिन किसी ने कहा कि उसने जंगल में जंगली तरबूज़ उगते देखे हैं। उस पतझड़ में, थिसल एक टीम के साथ, जंगल में तब तक खोजबीन करती रही, जब तक उसे जंगली तरबूज़ नहीं मिल गए। वे लोग बीज वापस लाए, और अगली बसंत में थिसल ने उन्हें बो दिया।

इन बीजों से निकले तरबूज बहुत बड़े थे, लेकिन उनका रस खट्टा था। थिसल ने दिन-रात मेहनत की, सभी तरबूजों को चखा, जब तक उसे एक ऐसा तरबूज नहीं मिला जिसका रस कुछ मीठा था। अगले साल उसने इस खरबूजे के बीज बोए। नए फल का रस ज़्यादा मीठा था। फिर से थिसल ने सबसे मीठा तरबूज चुना और अगले साल इस खरबूजे के बीज बोए। वह हर साल ऐसा करती रही, जब तक उसे शहद जितने मीठे तरबूज नहीं मिल गए।

"लोगों ने थिसल को किस बात के लिए डांटा?" नजानू ने पूछा।

"किसी को यकीन नहीं था कि उन तरबूजों से कोई फायदा होगा। और तो और, पूरा शहर तरबूजों से भर गया था — आप मुश्किल से तरबूजों के कारण सड़क पर चल सकते थे। अक्सर वे घरों के पास उगते थे। जब तक वे छोटे होते थे, तब तक कोई नुकसान नहीं होता था, लेकिन जब वे बड़े हो जाते थे तो दीवारों को गिराने की धमकी देते थे। एक घर तो तरबूज की वजह से सच में गिर गया। हमारी कुछ लड़कियां तरबूज लगाने से मना करना चाहती थीं लेकिन कुछ ने थिसल का साथ दिया और उन्होंने उसके काम में उसकी मदद की।"

इस समय तक वे नदी के किनारे तक पहुँच चुके थे।

स्नोड्रॉप ने कहा, "इसे वॉटर-मेलन (तरबूज) नदी कहते हैं। देखो उसके किनारे पर कितने सारे तरबूज उगे हैं।"

एक पतला पुल जो कालीन की पट्टी जैसा दिखता था, एक किनारे से दूसरे किनारे तक जाता था। यह बहुत मोटे और मज़बूत सामान से बना था।

कॉर्नफ़्लावर ने कहा, "हमने इस पुल को बनाया। उसे बुनने में हमें एक महीना लगा, फिर लड़कों ने उसे नदी के पार खींचने में हमारी मदद की।”

"बहुत मज़ा आया!" स्नोड्रॉप ने कहा। "उनमें से एक पानी में गिर गया और वो लगभग डूब ही गया था, लेकिन फिर किसी ने उसे बाहर निकाल लिया।"

कॉर्नफ्लावर हिम्मत करके पुल पर चढ़ी और दूसरी तरफ चली गई। नजानू बड़ी हिम्मत करके पुल पर चढ़ा, लेकिन जब उसे लगा कि पुल हिल रहा था तो फिर वह रुक गया।

"तुम रुक क्यों गए?" स्नोड्रॉप ने पूछा। "क्या तुम डर गए?"

"बिल्कुल नहीं। मैं तो बस सोच रहा था कि यह कितना मज़ेदार पुल है।"

नजानू नीचे झुका और उसने दोनों तरफ़ से पकड़ा। फिर हँसते हुए वो यह दिखाने लगा कि उसे डर नहीं लग रहा था।



बाद में स्नोड्रॉप ने उसका एक हाथ पकड़ा, कॉर्नफ्लावर ने दूसरा, और दोनों मिलकर उसे पुल के पार ले गए। वे दोनों देख सकते थे कि वह काफी डरा हुआ था, लेकिन वे नजानू पर हँसे नहीं क्योंकि वे जानते थे कि छुटकों को हँसी बर्दाश्त नहीं होती।

दूसरी तरफ़ पहुँचकर वे सड़क पर तब तक चले जब तक वे हरे रंग की छत वाले एक सफ़ेद घर तक नहीं पहुँच गए।

कॉर्नफ्लावर ने कहा, "यह हमारा अस्पताल है।"



**Н. Носов**

ПУТЕШЕСТВИЕ ПО ГОРОДУ

*На языке бенгали*

**Nikolai Nosov**

A WALK ABOUT TOWN

*In Bengali*

শিশুদের জন্য





30 к.



# नजानू की कहानियाँ

निकोलाई नोसोव



१५

# अस्पताल की दास्तान

रादुगा प्रकाशन · मास्को



नजानू की कहानियां

१५

निकोलाई नोसोव

# अस्पताल की दास्तान

अनुवादक:
संगमलाल मालवीय

चित्रकार:
बोरीस कलऊशिन



रादुगा प्रकाशन · मास्को

पीपुल्स पब्लिशिंग हाउस (प्रा.) लिमिटेड
५ ई, रानी झांसी रोड, नई दिल्ली-११००५५

राजस्थान पीपुल्स पब्लिशिंग हाउस(प्रा)लि.
चमेलीवाला मार्केट, एम. आई. रोड, जयपुर-302001





तुषारिका, नीलाक्षी और नजानू अस्पताल के गेट पर पहुंचकर रुक गये। तुषारिका ने घण्टी का बटन दबाया। घण्टी बज उठी: "झन्न-झन्न!" गेट खुल गया। दहलीज़ पर एक नर्स खड़ी थी—सफ़ेद गाउन पहने और टोपी लगाए, जिसके नीचे से सुनहरी-सी घुंघराली लटें झूल रही थीं।

"हाय रे, एक और मरीज़," नर्स ने उन्हें देखते ही ठण्डी सांस ली। "यहां भर्ती के लिए जगह नहीं है, यकीन करें! अजी, ये कहां से आ टपके? पूरे साल हमारा अस्पताल खाली था, इलाज के लिए कोई नहीं आया। लेकिन आज ही चौदह मरीज़ भर्ती हो चुके हैं।"

"यह छुटका मरीज़ नहीं है," तुषारिका ने कहा। "यह तो अपने दोस्तों से मिलने आया है।"

"अगर ऐसा है, तो अन्दर आ जाइये।"

वे तीनों डाक्टर के कमरे में पहुंचे। मधुरिमा मेज़ पर बैठी कुछ लिख रही थी। उसके सामने मरीज़ों के ढेर सारे कार्ड रखे थे, जिन पर मर्ज़ों के ब्योरे लिखे जाते हैं। तुषारिका और नीलाक्षी को देखते ही उसने कहा:

"कहिये, मरीज़ों से मिलने आए हैं? पर उनसे मिलना कतई मना है। आप लोग भूल जाते हैं कि मरीज़ों को आराम की ज़रूरत होती है। अरे, नीलाक्षी, आपके माथे पर तो प्लास्टर लगा है? बहुत खूब! मैंने तो पहले ही सोचा था कि यही होगा। घर में एक छुटका आया नहीं, कि आफ़त शुरू हो जाती है। कहीं किसी के नीले निशान पड़ते हैं, कहीं गुमटे उभरते हैं। ऐसी है इन छुटकों की मेहरबानी!"

"हम लोग मरीज़ों से नहीं मिलेंगे," नीलाक्षी ने उत्तर दिया। "मरीज़ों से तो यह छुटका मिलना चाहता है, उसके दोस्त यहां भर्ती हैं।"

"हुं, अरे, इसे तो मैंने बिस्तर पर लेटने के लिए कहा था। पर ये जनाब डाक्टर का कहना नहीं मानते, और उसके चेहरे से ही दिख रहा है कि यह किसी से लड़ चुका है। मैं उससे मिलने की अनुमति नहीं दे सकती। अस्पताल कोई अखाड़ा नहीं है।"

"मैं लड़ूंगा नहीं," नजानू ने उत्तर दिया।

"नहीं, नहीं!" मधुरिमा ने सख्ती से कहा और मेज़ को अपने भोंपूनुमा स्टेथिस्कोप से खटखटाया। "छुटके हमेशा यही कहते हैं: 'अब मैं नहीं लड़ूंगा।' लेकिन थोड़ी देर में ही फिर लड़ने लगते हैं।"

नजानू से बात खत्म करके मधुरिमा नीलाक्षी की ओर मुड़कर बोली:

"दिखाइये आपके ज़ख्म का क्या हाल है।"

उसने प्लास्टर हटाया और नीलाक्षी का माथा देखने लगी।

"प्लास्टर की अब कोई ज़रूरत नहीं," मधुरिमा ने डाक्टरी जांच के बाद कहा। "चलिये, आपके माथे की बिजली से सेंकाई कर दें, ताकि नीला दाग मिट जाए।"

वह नीलाक्षी को साथ लेकर कमरे से बाहर निकली। नजानू ने देखा कि हैंगर पर सफ़ेद गाउन और टोपी टंगी है। उसने आव देखा न ताव, गाउन पहना, टोपी लगाई और अब आंख पर ऐनक लगाया, जिसे मधुरिमा जाते वक्त मेज़ पर छोड़ गई थी। इस तरह नजानू डाक्टरी लिबास में स्टेथिस्कोप लेकर निकल पड़ा कमरे के बाहर। तुषारिका उसे जिज्ञासु नज़र से देख रही थी, वह उसके साहस और बुद्धि कौशल पर हैरान थी।

अस्पताल का गलियारा पार करके उसने एक दरवाज़ा खोला और उस वार्ड में पहुंचा, जहां उसके दोस्त छुटके भर्ती थे। वह पहली पलंग के पास आया, देखा कि बड़बड़िया बिस्तर पर लेटा है, चेहरा उदास और खीझा हुआ है।





"कहिये, कैसी तबियत है?" नजानू ने आवाज़ का लहजा बदलते हुए कहा।

"बहुत अच्छी!" बड़बड़िया ने कहा और ऐसा मुंह बनाया जैसे कि बस दम निकलने ही वाला है।

"अच्छा, तो उठिये," नजानू ने कहा।

बड़बड़िया बेमन से उठा और फिर झट से बिस्तर पर बैठ गया, बुझी-बुझी आंखों से सीधे सामने देख रहा था। नजानू ने मरीज़ के सीने पर स्टेथिस्कोप लगाया।

"ज़रा गहरी सांस लीजिये," उसने कहा।

"अजी, यह क्या तमाशा है!" बड़बड़िया ने बड़बड़ाते हुए कहा। "कभी कहते हैं उठिये, कभी लेटिये, कभी गहरी सांस लीजिये, कभी सांस रोके रहिये।"

नजानू ने बड़बड़िया के सिर पर स्टेथिस्कोप को टकराकर कहा:

"यार बड़बड़िया, रहे वही के वही, हमेशा की तरह बड़बड़ाते रहते हो।"

"अरे, नजानू तुम!" बड़बड़िया उसे हैरानी से देखते हुए कह उठा।

"शी-शी!" नजानू ने धीरे-से कहा।

"भाई नजानू, मुझे इस चक्कर से छुटकारा दिलाओ," बड़बड़िया ने फुसफुसाते हुए कहा। "यकीन करो, मैं भला-चंगा हूं। मेरे घुटने में चोट लगी

थी। पर अब दर्द लगभग नहीं है। लेकिन ये लोग मुझे बिस्तर से उठने ही नहीं देते, न मेरे कपड़े ही वापस करते हैं। अजी, मैं आजिज़ आ गया हूं! मैं बाहर घूमना-फिरना चाहता हूं!"

बड़बड़िया ने नजानू की आस्तीन पकड़ ली और उसे छोड़ ही नहीं रहा था।

"अच्छा, ज़रा धीरज से काम लो," नजानू ने उत्तर दिया, "मैं कोई उपाय सोचूंगा। पर वायदा करो, जो मैं कहूंगा, वही तुम करोगे। समझे? और अगर छुटकियां पूछें कि गुब्बारा किसने बनाया, तो कहना नजानू ने।"

"हां, हां, जो चाहोगे, वही कहूंगा। बस, मुझे यहां से छुट्टी दिला दो," खुश होकर बड़बड़िया ने कहा।

"फ़िक्र न करो," नजानू ने वायदा किया।

तब वह अगले पलंग के पास पहुंचा, जहां डाक्टर टिकियावाला लेटा हुआ था।

"यार, बचाओ!" डाक्टर टिकियावाला मद्धिम स्वर में गिड़गिड़ाया। "देखो





न, मेरी क्या हालत हो गई है! ज़िन्दगी भर दूसरों का इलाज करता रहा, अब यहां मेरा इलाज हो रहा है।"

"पर तुम तो बीमार हो, न?"

"अजी, कोई बीमारी हो तब न! भाई, मैं तो भला-चंगा हूं। सोचो ज़रा, ऐसे आदमी को अस्पताल में कैसे रख सकते हैं, जिसकी बस दो मामूली खरोंचें हैं: एक—नाक के नीचे, दूसरी—कन्धे पर।"

"लेकिन तुम्हें यहां किसलिए रोका गया है?"

"बस, इसलिए कि सारा अस्पताल खाली है और उन्हें कोई न कोई मरीज़ चाहिए। डाक्टरी की सनक सवार है। वाह री, छुटकियां! इलाज भी खूब करती हैं! लानत है! अजी, ज़ख्म पर शहद की पट्टियां बांधते हैं और शहद पिलाते हैं। यहां तो बेतुका इलाज किया जाता है। घाव पर आयोडीन लगाना चाहिए, कॉस्टर आयल पिलाना चाहिए। यह इलाज नहीं, नीमहकीमी है। मैं ऐसे इलाज को नहीं मानता।"

"भाई, मैं भी सहमत नहीं हूं," बगल की पलंग से कदाचित् ने कहा। "अब देखिये न, यहां चलना-फिरना मना है, दौड़ना मना है, आंख-मिचौली और आइस-पाइस खेलना भी मना है। और तो और, गाइये भी नहीं। सभी के कपड़े

जमा हैं, अस्पताल के कपड़े और तौलिये मिले हैं। पड़े रहो बिस्तर पर नाक सुड़कते और पोंछते! बस, हो गई फ़ुर्सत!"

"आप यहां कैसे आए?"

"कल रात हम लोग गुब्बारेवाली टोकरी से गिरे और सो गए। सुबह होते ही कुछ छुटकियों ने हमें जगाया और पूछताछ करने लगीं। हमने बताया कि गुब्बारे में उड़कर आए हैं, दुर्घटना का शिकार हो गए हैं। 'दुर्घटना?' वे हैरानी से बोलीं। 'हाय रे, चलिये, हमारे अस्पताल में भर्ती हो जाइये।' और आप देख ही रहे हैं कि हम लोग अस्पताल में भर्ती हैं।"

"यानी कोई भी ज़ख्मी नहीं है?" नजानू ने पूछा।

"नहीं। बस, गोलीबाज़ ही ज़ख्मी है।"

नजानू गोलीबाज़ के पास आया।





"अजी, तुम्हें क्या हुआ है?"

"मेरे घुटने की हड्डी खिसक गई है। मैं बिल्कुल चल-फिर नहीं सकता। मुझे इसका कतई अफ़सोस नहीं। अफ़सोस है बेचारे गुर्रा का, मिल ही नहीं रहा है। भाई, मेहरबानी करो, मेरे ग़ुर्रा को ढूंढ़ दो। वह कहीं आसपास ही होगा। मैं तो अपनी जगह से हिल भी नहीं सकता।"

"फ़िक्र न करो," नजानू ने कहा। "मैं तुम्हारे ग़ुर्रा को ढूंढ़ लाऊंगा, लेकिन तुम सबसे यही कहना कि गुब्बारा मैंने ही बनाया है। रही बात पक्की?"

नजानू अस्पताल में भर्ती सभी छुटकों से मिल आया और सहेज आया कि वे सबसे यही कहें कि गुब्बारा उसने ही बनाया है। अन्त में वह डाक्टर के कमरे में लौट आया। तुषारिका बड़ी बेचैनी से उसका इन्तज़ार कर रही थी।

"कहिये, मरीजों के क्या हाल हैं?" उसने पूछा।

"अजी, कैसे मरीज़, सभी तो ठीक-ठाक हैं," नजानू ने मुस्कराकर कहा। "सिर्फ़ गोलीबाज़ ही थोड़ा ज़ख्मी है।"

"तब तो उन्हें जल्द ही छुट्टी मिल जाएगी?" तुषारिका ने चहकते हुए पूछा। "जानते हैं, मेरा क्या इरादा है? हम लोग छुटकों के स्वास्थ्य लाभ की खुशी में बॉल-नृत्य का आयोजन करेंगे। खूब मज़ा आएगा!"

"लेकिन लगता नहीं कि उन्हें जल्द ही छुट्टी मिल जाएगी," नजानू ने कहा।

इसी समय मधुरिमा और नीलाक्षी लौट आईं।

"आपने यह गाउन क्यों पहना? यह मनमानी किसलिए?" मधुरिमा ने नजानू की ओर झुकते हुए कहा।

"इसमें कोई मनमानी नहीं," नजानू ने कहा। "मैं तो अस्पताल का मुआयना करने गया था।"

"हां, तो मुआयने में आपने क्या देखा?" मधुरिमा ने व्यंग्य से पूछा।

"यही कि सिर्फ़ एक को छोड़कर सब स्वस्थ हैं और उन्हें डिस्चार्ज किया जा सकता है।"

"अजी, क्या कहते हैं आप?" मधुरिमा ने सहमते हुए कहा। "ज़रा सोचिये,



उस वक्त क्या होगा, जब चौदह छुटकों को एक साथ छोड़ दिया जाएगा? वे सारा शहर सिर पर उठा लेंगे! खिड़कियों का एक भी शीशा साबुत न बचेगा। किसी की खैर न रहेगी, सबके शरीर पर गुमटे और नीले निशान दिखाई देंगे। इसलिए ज़रूरी है कि छुटकों को अस्पताल में ही रहने दिया जाए, ताकि शहर में नीलों और गुमटों की महामारी न फैले।"

"शायद एक-एक करके छुटकों को छोड़ा जा सकता है?" नीलाक्षी ने कहा। "एक दिन में एक छुटके को।"

"एक दिन में एक—यह तो कम है। शायद दो को छोड़ना ठीक होगा। हम लोग उनके साथ मिलकर बॉल-नृत्य भी तो करना चाहते हैं।"

"तो फिर ठीक है," मधुरिमा ने सहमत होकर कहा। "हम लोग छुटकों की एक लिस्ट बनाएंगे और कल से ही उन्हें एक-एक करके छोड़ना शुरू कर देंगे।"

तुषारिका ने उमंग से तालियां बजायीं और मधुरिमा से लिपटकर उसे मनाने लगी:

"लेकिन एक नहीं, दो! दो! मैं कितनी बेताब हूं कि उन्हें झट से छुट्टी मिल जाए। आखिर आप भी तो नाचना चाह रही होंगी! क्या गज़ब का नाचती हैं आप!"

"तो चलो, तुम्हारी ही बात रही। दो छुटके ही एक दिन में छोड़े जाएंगे," मधुरिमा ने नर्म पड़ते हुए कहा। "शुरूआत हम सबसे विनयशील छुटकों से करेंगे। इस काम में आप हमारी मदद करिये," उसने नजानू की ओर मुड़ते हुए कहा। "कहिये, सबसे विनयशील छुटके कौन-से हैं?"

"अजी, विनयशील तो सभी छुटके हैं!"

"इस पर मुझे विश्वास नहीं। छुटकों में विनयशीलता होती ही नहीं। ज़रूरी है कि उनके लिए कोई न कोई काम ढूंढ़ रखा जाए, ताकि वे शैतानियां भूलकर काम में उलझे रहें।"

"अगर ऐसा ही है, तो सबसे पहले मोड़ू और पेंचू को छोड़ दिया जाए। वे अस्पताल से बाहर निकलते ही कार की मरम्मत में जुट जाएंगे," नीलाक्षी ने कहा।

"ख्याल अच्छा है!" मधुरिमा ने कहा। "तो हम मोड़ू और पेंचू से ही शुरूआत करते हैं।"

मोड़ू और पेंचू के नाम एक कागज़ पर लिख लिए गए।





"अब इनके बाद बड़बड़िया का नम्बर है," मधुरिमा ने कहा। "नाक में दम किए रहता है। हर वक्त बड़बड़ाता है, किसी को चैन नहीं लेने देता।"

"अरे, नहीं, नहीं! उसे अभी अस्पताल में ही रहने दीजिये," नजानू ने कहा। "वह बहुत ज़्यादा बड़बड़ाता है, इलाज होना चाहिए।"

"तो फिर डाक्टर टिकियावाला के बारे में क्या ख्याल है? वह हमारे अस्पताल से बड़ा नाखुश है। हर समय हमारे इलाज का मखौल उड़ाता है। नकचढ़ा मरीज़ है। उसे छोड़ने में मुझे कोई एतराज़ नहीं।"

"नहीं, डाक्टर टिकियावाला को यहीं रहने दीजिये," नजानू ने अक्ल दौड़ाई। "वह सारी ज़िन्दगी दूसरों का इलाज करता रहा, अब उसका इलाज हो जाने दो! बेहतर हो कि ट्यूबेश को छोड़ दिया जाए। वह एक श्रेष्ठ चित्रकार है, ऐसे छुटके के लिए काम ढूंढ़ने में दिक्कत न होगी। आखिर मेरा शिष्य है न। मैंने ही उसे चित्रकारी सिखायी है।"

"सचमुच!" तुषारिका ने हैरानी से कहा। "क्या उसे आज ही छुट्टी नहीं दी जा सकती? मैं उससे कहूंगी कि वह मेरा एक चित्र बना दे।"

"और बाजाबाज़ के बारे में क्या ख्याल है?" नजानू ने एक नाम और जोड़ दिया। "वह भी मेरा शिष्य है। मैंने ही उसे बांसुरी बजाना सिखाया है।"

तुषारिका फिर से मधुरिमा के गले में लिपट गई और मिन्नतें करने लगीं:

"ट्यूबेश और बाजाबाज़ को छोड़ दीजिये! मेहरबानी करके!"

"ठीक है, तो इनके लिए खास रियायत बरती जाएगी।" मधुरिमा का स्वर नर्म पड़ गया। "लेकिन बाकी मरीज़ों को क्रमवार छोड़ा जाएगा।"

